


सांध्य दैनिक

# 4PM

जिद...सच की

मूल्य ₹ 3/-

www.4pm.co.in www.facebook.com/4pmnewsnetwork @Editor_Sanjay YouTube @4pm NEWS NETWORK

● वर्ष: 9 ● अंक: 127 ● पृष्ठ: 8 ● लखनऊ, मंगलवार, 13 जून, 2023




युद्ध के लिए तैयार रहना शांति बनाये रखने के सबसे प्रभावी साधनों में से एक है।

-जार्ज वाशिंगटन


सतपुड़ा भवन में आग लगी या... 7 | हिंदुत्व की ओर देख रही कांग्रेस... 3 | सतपुड़ा भवन में आग लगी या... 2


# डॉर्सी के आरोप पर घिर गई मोदी सरकार

## कांग्रेस ने कहा लोकतंत्र की हत्या सरकार ने कहा सब झूठ

» ट्विटर ने कहा, किसान आंदोलन के समय अकाउंट बंद करने की मिली थी धमकी


4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। ट्विटर के सह-संस्थापक और पूर्व सीईओ जैक डॉर्सी के दावे को लेकर भारत की सियासत में तूफान आ गया है। जहां कांग्रेस ने इस पर मोदी सरकार से जवाब में मांगते हुए उस पर लोकतंत्र की हत्या का आरोप लाग दिया है। उधर केंद्र सरकार ने डोर्सी के आरोपों को खारिज कर दिया है।

दरअसल, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर के पूर्व सीईओ जैक डॉर्सी ने बड़ा आरोप लगाया है। जैक डॉर्सी का कहना है कि कृषि कानूनों के खिलाफ भारत में हुए विरोध प्रदर्शन के समय सरकार ने आलोचना करने वाले कई ट्विटर अकाउंट को ब्लॉक करने के निर्देश दिए थे। डोर्सी ने दावा किया कि भारत सरकार की तरफ से उन पर दबाव बनाया गया और ट्विटर को भारत में बंद करने की भी धमकी दी गई। ट्विटर के पूर्व सीईओ डॉर्सी ने एक वीडियो इंटरव्यू में दावा किया 2021 में किसान आंदोलन के दौरान भारत सरकार ने उनसे उन अकाउंट को ब्लाक या बंद करने को कहा था, जो सरकार की आलोचना कर रहे थे। इसमें पत्रकार भी शामिल थे। डॉर्सी ने कहा कि केंद्र सरकार ने उसे भारत में ट्विटर को बंद करने और कर्मचारियों के घर पर छापा मारने की धमकी भी दी थी।




### झूठ बोले रहे हैं डॉर्सी : चंद्रशेखर



केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि डार्सी सरासर झूठ बोले रहे हैं। उनके समय में ट्विटर ने बार-बार कानूनों का उल्लंघन किया था। उन्होंने कहा कि भारत में न तो ट्विटर को बंद किया गया और न ही उसके किसी कर्मचारी के यहां छापा मारा गया।

### जैक के पास झूठ बोलने का कोई कारण नहीं है : सिब्बल



ट्विटर के पूर्व सीईओ जैक डार्सी के भारत के दबाव वाले दावे पर राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा, सबसे पहले मैं जानना चाहूंगा कि जैक डार्सी ऐसा बयान क्यों देंगे? राजीव चंद्रशेखर कहते हैं कि यह झूठ है तो वह झूठ क्यों बोलेगा? जैक डार्सी के पास झूठ बोलने का कोई कारण नहीं है।

### ट्विटर ने कई देशों का कानून तोड़ा : अमित मालवीय



भाजपा के आईटी सेल के प्रभारी अमित मालवीय ने कहा कि डॉर्सी के समय ट्विटर ने कई देशों के कानून को तोड़ा है। उनके समय में ट्विटर खतरनाक हो गया था। मालवीय ने कहा कि एलन मस्क की तरफ से बुरी मानसिकता वाले लोगों से छुटकारा पाए जाने के बाद कई ट्विटर फाइल्स सामने आई है। ट्विटर हमेशा सही हो और उनकी अमेरिकी सरकार समेत कई देश गलत हों , ऐसा नहीं हो सकता। डॉर्सी के समय ट्विटर भारत के हितों के खिलाफ बोलने वाली विदेशी ताकतों को मंच का इस्तेमाल करने की अनुमति दे रहा था। यह कई मौकों पर भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा साबित हुआ। अगर ट्विटर को भारत में काम करना है तो यहां के कानून को मानना पड़ेगा।

### लोकतंत्र की हो रही हत्या : सुप्रिया श्रीनेत



डार्सी के दावे को लेकर कांग्रेस ने भाजपा पर जमकर हमला बोला है। कांग्रेस के सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म की चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि लोकतंत्र की जननी में लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। किसान जब एक साल से अधिक समय से सर्दी, गर्मी और बारिश होते हुए दिल्ली की सीमा पर आंदोलन कर रहे थे, तब उन्हें मवाली, खालिस्तानी, पाकिस्तानी और आतंकवादी कहा जा रहा था। इसके अलावा, ट्विटर जैसे मंचों से कहा जा रहा था कि अगर वे किसानों को दिखाते हैं तो उन्हें भारत में बंद कर दिया जाएगा और उनके दफ्तरों पर छापा मारा जाएगा।

# मांझी के बेटे का नीतीश सरकार से इस्तीफा

» पर नीतीश ही मेरे नेता : संतोष सुमन

» जीतन राम मांझी ने लोकसभा की पांच सीटों की मांग की थी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



पटना। हिन्दुस्तान आवाम मोर्चा के नेता संतोष सुमन मांझी मंत्रिमंडल पद से इस्तीफा दे दिया है। संतोष मांझी जीतन राम मांझी के बेटे हैं। एक दिन पहले ही जीतन मांझी ने 23 जून को होने वाली विपक्षी एकता की बैठक में शामिल होने से मना कर दिया था। हालांकि उन्होंने कहा था कि नीतीश कुमार उनके नेता हैं।

इससे पहले जीतन राम मांझी ने नीतीश कुमार से लोकसभा के पांच सीटों की मांग की थी। उसके बाद कल ही मांझी ने तमतमा कर कहा था कि उन्हें अब एक भी सीट नहीं चाहिए। आखिर में आज उन्होंने अपने बेटे से नीतीश सरकार से इस्तीफा दिलवा दिया। जाहिर है कि इसका असर नीतीश की 23 जून वाली विपक्षी एकता पर पड़ना तय है।

# बहुत तेजी से बढ़ रहा बिपरजॉय

» केंद्र और राज्य सरकारें अलर्ट पर

» गृहमंत्री शाह ने की बैठक

» एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें तैनात

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



नई दिल्ली। बिपरजॉय चक्रवात का असर देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग का कहना है कि बिपरजॉय 15 जून को सौराष्ट्र और कच्छ से टकराएगा। गुजरात में ही इसका सबसे ज्यादा असर होने की आशंका है। इसको लेकर गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल ने उच्च स्तरीय बैठक की है।

एहतियात के तौर पर एनडीआरएफ की 21 और एसडीआरएफ की 13 टीमें तैनात की गई हैं। हजारों लोगों को सुरक्षित जगह पर पहुंचाया जा चुका है। द्वारका के कार्यकारी मजिस्ट्रेट ने कहा कि ओखा बंदरगाह पर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की एक-एक टीम और एनडीआरएफ की एक-एक टीम तैनात की जानी है। लगभग 250 लोगों को अस्थायी आश्रय घरों में शिफ्ट कर दिया गया। पर्यटकों और स्थानीय आबादी को समुद्र तटों पर जाने की अनुमति नहीं है।

### 8 हजार लोगों को सुरक्षित स्थान पर भेजा गया

केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने बताया कि कच्छ में अब तक आठ हजार लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। 1.5-2 लाख छोटे-बड़े जानवर ऊंचे स्थानों पर चले गए हैं। गुजरात के नवसारी में चक्रवात बिपरजॉय के मद्देनजर लोगों को समुद्र में जाने से रोकने के लिए पुलिस बल तैनात हुई है।

### केंद्र सरकार भी तैयार

बिपरजॉय के मद्देनजर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया, गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल और भाजपा सांसद विनोद चावड़ा सहित कई अधिकारियों ने विभिन्न जिलों के अधिकारियों के साथ बैठक की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज दोपहर दिल्ली में चक्रवात बिपरजॉय की तैयारियों से जुड़ी समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और प्रभावित होने वाले 8 जिलों के सांसद भी वर्चुअल रूप से बैठक में भाग लेंगे।

# इस बार भाजपा को युवा करेंगे बेरोजगार : अखिलेश

## बोले-सत्ता के अहंकार में चूर हैं भाजपाई

### » सपा ओबीसी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी घोषित

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने रोजगार को लेकर भाजपा सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि युवाओं को सरकारी नौकरी देने के बजाय पहले से संविदा पर काम कर रहे लोगों का ही सरकार समायोजन करके दिखा दे। यही वजह है कि युवाओं ने भाजपा को बेरोजगार करने का संकल्प ले लिया है।**


सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ट्वीट करके कहा कि भाजपा सरकार जिन निवेशकों के भरोसे उत्तर प्रदेश के निजी क्षेत्र में रोजगार देने का दावा कर रही है, वो तो स्वयं लापता हैं। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा नेता कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं। सत्ता के अहंकार में चूर भाजपाइयों को अब भाजपा नेतृत्व भी अनुशासन में रखने में असहाय साबित हो रहा है। अखिलेश ने जारी बयान में कहा कि बस्ती में एमएलसी के प्रतिनिधि ने जिला अस्पताल में महिला नर्सिंग स्टाफ से अभद्रता की। आगरा में मेट्रो रेल प्रभारी से अभद्रता करते हुए भाजपा के एमएलसी का वीडियो वायरल हुआ है। झांसी में एक युवक को रिवाल्वर दिखाकर अवैध वसूली करने वाले भाजपा के कार्यकर्ता को भाजपा का महानगर मंत्री बना दिया गया। कन्नौज में भाजपा सांसद ने चौकी इंचार्ज को थप्पड़ मारे। सपा अध्यक्ष ने कहा कि आए दिन भाजपाई नेताओं के कारनामों से उत्तर प्रदेश बदनाम हो रहा है। कोई टोल टैक्स वालों से मारपीट कर रहा है तो कोई चौकी जाकर अपराधी को छुड़ा लाता है। वर्ष 2024 में प्रदेश की जनता को जब भी मतदान का मौका मिलेगा वह भाजपाइयों के एक-एक जुल्म का हिसाब करेगी। समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के विभिन्न जिलों व महानगरों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और महासचिव घोषित कर दिए गए हैं। गोंडा के जिलाध्यक्ष संजय साहू और जिला महासचिव सूरज गोस्वामी को बनाया गया है। अमेठी के जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी महावीर कश्यप को दी गई है।

**भाजपा नेता कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं**



### भाजपा जनता को कर रही गुमराह : साजन

गौरीगंज विधानसभा क्षेत्र के बूथ व सेक्टर प्रभारियों का सम्मेलन को आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधान परिषद सदस्य सुनील सिंह यादव साजन ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार अपने कार्यकाल में जमीन पर कोई कार्य नहीं किया है। भाजपा सिर्फ और सिर्फ झूठे वादे व दावे कर जनता को गुमराह कर सत्ता पर काबिज है। सम्मेलन में उन्होंने मिशन 2024 के चुनाव तैयारियों की चर्चा करते हुए कहा कि गांव स्तर पर मजबूत संगठन व समर्पित कार्यकर्ताओं के दम पर समाजवादी पार्टी नया इतिहास रचेगी। उन्होंने कहा कि सांसद से विकास व क्षेत्र की समस्याओं पर सवाल करना भी मुश्किल हो गया है। पूर्व मंत्री मुनीर अहमद ने कहा कि सेक्टर व बूथ स्तरीय कमेटी का गठन अत्यंत सावधानी के साथ करके मजबूत संगठन बनाना है। जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने अध्यक्षता की। संयोजक गौरीगंज से सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि राजनीति में बड़ा दिल करते हुए जनता की सेवा करना उनका उद्देश्य रहा है। कार्यकर्ताओं के हित व उन पर किसी भी तरह का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे।



## दिग्विजय सिंह को हाईकोर्ट से झटका

# मानहानि मामले को निरस्त करने वाली याचिका खारिज

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



**जबलपुर। राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह को हाईकोर्ट से झटका लगा है। हाईकोर्ट ने उनकी उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें मानहानि मामले को निरस्त करने राहत चाही गई थी। जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने विस्तृत फैसला सुनते हुए याचिका खारिज कर दी। गौरतलब है कि अधिवक्ता अवधेश सिंह भदौरिया ने ग्वालियर की कोर्ट में दिग्विजय सिंह के खिलाफ परिवाद दायर किया है, जिसमें उन पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खिलाफ गलत और अनर्गल टिप्पणियां करके मानहानि करने का आरोप लगाया गया है।**

उन्होंने 31 अगस्त 2019 में भिंड में एक सभा के दौरान गलत बयानबाजी की थी। इसके खिलाफ दिग्विजय सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका की सुनवाई के दौरान दिग्विजय सिंह तरफ से बताया गया कि उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा नहीं बनता। यह भी कहा गया कि परिवादी द्वारा जो सीडी पेश की गई है, वह दिग्विजय सिंह के व्यक्तिगत बयान की सीडी है ना कि किसी मीडिया में सार्वजनिक तौर पर दिए गए बयान की सीडी है। इसलिए मानहानि का मामला नहीं बनता है। याचिकाकर्ता की तरफ से दलील दी गई कि इस मामले में कई लोगों ने गवाही भी दी है। अधीनस्थ अदालत में सीडी भी प्रस्तुत की गई है। ट्रायल कोर्ट ने प्रारंभिक जांच के बाद ही सुनवाई के लिए परिवाद स्वीकार किया है। एकलपीठ ने सुनवाई के बाद दिग्विजय सिंह की याचिका को खारिज कर दिया।

# यूपी बसपा का अल्टरनेट बनी आरपीआई : अठावले

### » तीन से चार सीटों पर बीजेपी से होगी बात

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



**नई दिल्ली। केंद्रीय राज्य मंत्री एवं रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदास अठावले बुलंदशहर में कांग्रेस और अन्य विरोधी दलों पर जोरदार हमला किया। आठवले ने कहा कि हमारी पार्टी अपना जनादार बढ़ाने की कोशिश कर रही है, आरपीआई , बहुजन समाज पार्टी का अल्टरनेट बन गई है।**

हम दलित, ओबीसी माइनॉरिटी और स्वर्ण समाज के लोग जो बाबासाहेब को मानते हैं उन्हें इकट्ठा करने की कोशिश कर रहे हैं। आरपीआई नेता ने कहा, 2024 के चुनावों में बीजेपी के साथ बातचीत करके 3 से 4 सीटों पर हम बातचीत करेंगे और अगर आरपीआई को सीटें मिलती है तो मुस्लिम बहुल एरिया में और दलित बहुल एरिया में हम उम्मीदवार खड़ा करेंगे। इससे बीजेपी को फायदा मिल सकता है। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश बहुत तेज गति से आगे बढ़ रहा है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम पूरे देश को विकसित कर रहे हैं, इसलिए 2024 के चुनाव में हमें भारी सफलता मिलेगी।

# गांवों से निकलेगी लोस में जीत की राह

### » मायावती बोलीं-बसपा टीम वर्क का आकलन करेगी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ । बसपा ने लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनानी शुरू कर दी है। पार्टी मुखिया ने निर्देश है कि गांव चलो अभियान में टीम के प्रदर्शन का आकलन कर ही मेहनतकश लोगों को आगे बढ़ाया जाए। इसके अलावा गांवों में नए लोगों को पार्टी से जोड़कर जनाधार बढ़ाने पर जोर रहेगा।**

प्रदेश में गांव चलो अभियान को लेकर पार्टी सुप्रीमो मायावती ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 की राह गांवों से होकर ही निकलेगी। नगर निकाय में नगरों की जनता ने तो बसपा पर कम भरोसा जताया। ऐसे में गांवों में अतिरिक्त मेहनत करनी होगी। इस अभियान की पूरी रूपरेखा पार्टी पदाधिकारियों को समझा दी गई है।कहा गया है कि गांव-गांव जाकर काडर वोटर, नए वोटर और महिला वोटरों पर फोकस करना होगा। मुस्लिमों पर भी काम करना होगा। मुस्लिम लगातार छिटक रहे हैं। ऐसे में उन्हें लोकसभा चुनाव तक जोड़ना होगा। बसपा कोआर्डिनेटरों ने अभियान के लिए बैठकें शुरू कर दी हैं।



### जिलाध्यक्षों की समीक्षा होगी

मायावती ने कोआर्डिनेटरों से कहा है कि अपेक्षित सफलता न मिलने या लक्ष्य पूरा न करने का ठीकरा चुनिंदा लोगों पर ही फोड़ा जाए। महिलाओं की टीमों को भी गांव गांव भेजा जाए। बेहतर काम करने वाली टीम को आगे बढ़ाया जाएगा। मंडल से लेकर बूथ स्तर तक टीम तैयार है। सेक्टर प्रभारियों को लगाया गया है। जिलाध्यक्ष केवल दूसरों के काम की समीक्षा न करें बल्कि खुद भी अपनी टीम को लेकर गांव चलो अभियान में जुटें। उनके काम का आकलन अलग से होगा।

# सरकारी अस्पताल के कामकाज पहुंचा रहे दुख

### » उमा भारती बोलीं-सभाओं पर करोड़ों खर्च हो रहे हैं और सरकारी अस्पतालों में गरीब तड़प रहे

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**भोपाल। मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने अपनी ही सरकार पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि सभाओं पर करोड़ों रुपये खर्च होते हैं। इसके बाद भी सरकारी अस्पतालों के बर्न यूनिट और आईसीयू में गरीब लोग तड़प रहे हैं।**

यह असमानता हमारे लिए शर्मनाक है। ज्ञात हो कि पिछले एक महीने में उन्होंने भोपाल के स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल और बंसल हॉस्पिटल में इलाज कराया। यह जानकारी देते हुए उमा भारती ने ट्विटर पर लिखा कि एक महीने पहले अपने अस्वस्थ होने की सूचना एवं डॉक्टरों द्वारा विश्राम की सलाह के बारे में मैंने आपको अवगत कराया है। मैंने परसों अपने सारे चेकअप बंसल अस्पताल में कराए हैं। इससे पहले मैं 20 मई की रात अस्वस्थ होने पर स्मार्ट सिटी अस्पताल में कुछ घंटों के लिए भर्ती हुई थी। भगवान की दया एवं आप सबकी दुआ से मेरे परसों के सारे परीक्षण में मैं स्वस्थ पाई गई। दोनों अस्पतालों की व्यवस्थाएं उच्चतम स्तर की थीं। मैं कभी भी अपना परीक्षण या अपनी चिकित्सा प्राइवेट हॉस्पिटल में नहीं करवाती हूं, किंतु दोनों बार ऐसी स्थितियां बन गई कि मैं अचानक अस्वस्थ हुई और स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल हमारे घर के सबसे नजदीक था। उमा भारती ने यह भी लिखा कि मैंने एक अखबार में पढ़ा कि विदिशा के जिला अस्पताल में आईसीयू यूनिट में एसी नहीं है। मरीज तड़प रहे हैं। शायद पूरे प्रदेश में भी ऐसा ही हो। मैं इस ट्वीट को विदिशा जिला अस्पताल को एवं जिला प्रशासन को टैग कर रही हूं। वह तुरंत ही हॉस्पिटल में एसी की व्यवस्था करें। निजी अस्पतालों और विदिशा जैसे सरकारी अस्पतालों की सुविधाओं में इतना बड़ा अंतर मानव जाति के साथ बहुत बड़ा अपराध है।

**विदिशा में इलाज के लिए तड़प रहे मरीज**



### जनप्रतिनिधि व अफसर सरकारी अस्पताल में इलाज कराएं

उमा भारती ने कहा कि मैं मध्य प्रदेश के सभी जनप्रतिनिधियों, सरकारी अधिकारियों से अपील करती हूं कि आप लोग अपना इलाज किसी इमरजेंसी के अलावा सरकारी अस्पताल में ही कराइए। हमारी सभाओं पर करोड़ों खर्च हो रहें हैं और सरकारी अस्पतालों के बर्न यूनिट और आईसीयू में एसी के अभाव में गरीब लोग, जिनमें महिलाओं और बच्चों की संख्या अधिक है, तड़प रहे हैं। यह असमानता हमारे लिए शर्मनाक है।



# सत्ता की चाह में बदलती राह!

## हिंदुत्व की ओर देख रही कांग्रेस, भाजपा मुस्लिमों को रिझाने में लगी

- » क्या-क्या रंग दिखाती है सियासत
- » लोस व विधान सभा चुनाव की बिसात बिछना शुरू
- » दिखेगी भाजपा के खिलाफ वैचारिक एकजुटता

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। साल के अंत तक पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव और अगले साल की शुरुआत में देश में लोकसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में सियासी पारे का चढ़ना जारी है। सियासत भी क्या-क्या रंग दिखाती है जहां कांग्रेस मंदिर-मंदिर पूजा अर्चना कर रही है तो बीजेपी मुस्लिमों को साधने के नए-नए तरीके तलाश रही है। 24 आते-आते अभी और भी रंग देखने को मिलेंगे। रंग चाहे जो हो सभी राजनैतिक दल सत्ता के रंग को चटख करने की जुगत में लगे हैं। जहां 23 जून को नीतिश विपक्षी एकता के बहाने पटना में शक्ति प्रदर्शन करके भाजपा को डराने की कोशिश करेंगे। वहीं मप्र कें जबलपुर में नर्मदा की पूजा के साथ कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने चुनावी शंखनाद कर दिया। धर्म भी इसबार सबके एजेंडे में होगा। उधर रविवार को दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने रामलीला मैदान में रैली करके अपने मंसूबे जता दिए हैं। 23 जून को पटना की बैठक में कांग्रेस, जेडीएस, राजद से लेकर टीएमसी, सपा, डीमके तक के नेता मौजूद रहेंगे। बैठक में गठबंधन की रूपरेखा तैयार हो सकती है। ये भी तय होगा कि सीटों का बंटवारा कैसे होगा? कैसे भाजपा को घेरना है इसको लेकर भी मंथन होगा।

नीतीश कुमार ने खरगे और राहुल से मुलाकात के दौरान कहा था कि भाजपा के खिलाफ विपक्ष को वैचारिक तौर पर एकजुट होना होगा। कई ऐसे मुद्दे हैं, जिनपर विपक्ष की राय एक है। इन्हीं मुद्दों के सहारे सभी को एक होकर भाजपा से लड़ना होगा। राहुल और खरगे ने भी इसे स्वीकार किया। नीतीश ने ही इसका प्रस्ताव भी रखा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को ही विपक्ष के सभी दलों की अगुआई करनी चाहिए, लेकिन इसमें कहीं से भी ये न लगे कि किसी दल की उपेक्षा की जा रही है। सभी के सम्मान का ख्याल रखना चाहिए।





### सरकारी छापेमारी पर भी बनी सहमति

इस वक्त सोनिया गांधी-राहुल गांधी से लेकर केसीआर, तेजस्वी यादव, उद्धव ठाकरे, ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल तक कई मामलों में फंसे हुए हैं। ये एक ऐसा मुद्दा है, जिसको लेकर सभी दलों की राय एक है। सभी ने इसके खिलाफ सरकार पर हमला बोला है। विपक्ष ने लगातार आरोप लगाया है कि सरकार अल्पसंख्यकों के खिलाफ काम कर रही है। सरकार पर सांप्रदायिक होने का भी आरोप लगाया जा रहा है। ऐसे में इस मुद्दे पर भी विपक्ष सहमति बना सकता है। विपक्षी दल भाजपा के हिंदुत्व को जातिगत राजनीति से तोड़ने की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए हर राज्य में विपक्षी दल जातिगत आरक्षण को बढ़ाने, जातिगत जनगणना कराने जैसे मुद्दे उठाएंगे।

### राज्यों में जनाधार के आधार पर नेतृत्व मिले

नीतीश ने कहा कि चुनाव के वक्त जिस पार्टी का जिस भी राज्य या क्षेत्र में दबदबा हो वहां उसे लीड करने दिया जाए। मसलन बिहार में राजद-जदयू का प्रभाव है। ऐसे में यहां की ज्यादातर सीटों पर इन्हीं दो पार्टियों के उम्मीदवार उतारे जाएं। इसके अलावा अन्य पार्टी जिसका कुछ जनाधार हो, उन्हें भी कुछ सीटों पर मौका दिया जाए। इसी तरह यूपी में सपा को ज्यादा सीटें दी जा सकती हैं। राजस्थान-छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में कांग्रेस लीड कर सकती है। जहां विवाद की स्थिति बने, वहां आपस में बैठकर मसला हल किया जा सकता है। कहा जा रहा है कि इस फॉर्मूले के दम पर विपक्ष 543 लोकसभा सीटों में से करीब 450 सीटों पर सीधे मुकाबले की तैयारी कर रहा है।

### केजरीवाल के साथ आए सिब्बल कांग्रेस पर पड़ेगा दबाव

पिछले दिनों कपिल सिब्बल ने कहा था कि मेरी शुरू से ही कोशिश रही है कि विपक्ष एक मंच पर आए। जिस पॉलिटिकल पार्टी के खिलाफ अन्याय हो रहा है, कानून का दुरुपयोग किया जा रहा है, उसकी मदद करनी है, जहां भी केंद्र सरकार की ओर से कानून के खिलाफ काम किया जाएगा, मैं वहां खड़ा मिलूंगा। गौरतलब हो कि जब से दिल्ली सरकार के तत्कालीन डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को जेल भेजा गया। उसके बाद से सिब्बल के नजरिए में बदलाव हो गया। उन्होंने कहा था कि बेशक दिल्ली कांग्रेस के नेताओं की ओर से कहा कि जो हो रहा है ठीक हो रहा है, लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष खरगे साहब ने कहा है कि जो हो रहा है, गलत हो रहा है, बेल न देने का क्या मतलब है? चार्जशीट फाइल हो गई, तो आप उसे अंदर ही रखोगे? अब आप उन्हें और कितने दिन अंदर रख सकोगे? कपिल सिब्बल सबसे पहले वकील हैं, उसके बाद राजनीतिज्ञ हैं, वह आज कांग्रेस में नहीं ह, सपा ने आप आदमी पार्टी को समर्थन देने का वादा किया हुआ है, इससे कांग्रेस पर भी दबाव बनेगा, यहीं सिब्बल भी चाहते हैं, केंद्र की ओर से जो अध्यादेश लाया गया है, उसमें कपिल सिब्बल अरविंद केजरीवाल को मदद कर सकते हैं। कपिल सिब्बल शुरू से ही आम आदमी पार्टी के पक्षधर रहे हैं, उन्होंने कांग्रेस को फरवरी 2019 लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन का फॉर्मूला भी सुझाया था, जिसमें बाद अंतिम समय में टूट गई, अब केजरीवाल के साथ मंच साझा करने से उनके पुराने रिस्ते सामने आ रहे हैं, अब चर्चा है कि उनके बेटे आम आम आदमी पार्टी से चुनाव लड़ सकते हैं।

### परिवादवादी पार्टियां हो रही है एक : बाबूलाल मरांड़ी

झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में बीजेपी एक बार फिर सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि जो लोग परिवारवाद के पोषक हैं और जिनको लगता है कि पीएम मोदी के चलते इस परिवारवाद को खतरा है, उनकी राजनीति संकट में है, वहीं लोग इकट्ठा हो रहे हैं, बीजेपी नेता ने कहा कि पीएम मोदी का कहना है कि न खाऊंगा, न खाने दूंगा। पीएम मोदी वंशवाद को समाप्त कर देंगे इसलिए विपक्षी एकजुटता रो रही है। बाबूलाल मरांडी ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पर भी हमला बोला। 2024 में अरविंद केजरीवाल के चेहरे के सवाल पर मरांडी ने कहा कि केजरीवाल खुद को ईमानदार कहते हैं और आज इनके मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन जेल में हैं, उन्होंने लालू यादव, अरविंद केजरीवाल और शिबू सोरेन के परिवार के नाम गिनाये। बीजेपी नेता ने पटना में 23 जून को विपक्षी दलों के इकट्ठा होने के सवाल पर कहा कि ये वही लोग हैं जो परिवार और पैसे के लिए इकट्ठा हो रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगया कि झारखण्ड में हेमंत सोरने के सारे लोग जमीन पत्थर कोयला के लूट मे लगे हैं, बाबूलाल मरांडी ने कॉमन सिविल कोड की वकालत की, उन्होंने कहा कि देश में समान कानून लागू होना चाहिए. कानून सभी के लिए सामान रूप से लागू हो।

### गठबंधन के बाद और आक्रामक होगा विपक्ष

एनसीपी चीफ शरद पवार खुद इसके बारे में बता चुके हैं। उन्होंने पिछले दिनों मीडिया से बातचीत में कहा कि विपक्ष के सभी दलों ने गठबंधन करने का फैसला ले लिया है। अब सभी भाजपा सरकार के खिलाफ एकजुट होकर लड़ाई लड़ेंगे। महंगाई, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था, हिंसा, भ्रष्टाचार, अल्पसंख्यकों का मुद्दा उठाया जाएगा। बड़े पैमाने पर रैलियां, जनसभाएं होंगी। अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग नेता यात्रा और मार्च निकालेंगे। इसके जरिए भाजपा सरकार को चारों तरफ से घेरने की कोशिश होगी।

## हिंदुत्व से मोदी को घेरेगी कांग्रेस

कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी ने सोमवार को मध्यप्रदेश के जबलपुर शहर से विधानसभा चुनावों का शंखनाद किया। प्रियंका गांधी ने नर्मदा के ग्वारीघाट तट पर मां नर्मदा का पूजन और महाआरती कर चुनावी अभियान को शुरू किया। मां नर्मदा का आशीर्वाद लेने के बाद वह शहीद स्मारक पहुंची जहां उन्होंने एक बड़ी जनसभा को संबोधित किया। अपने भाषण में प्रियंका गांधी ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने मध्यप्रदेश में हो रहे भ्रष्टाचार बेरोजगारी के मुद्दे पर सरकार को घेरा तो साथ ही धर्म के मुद्दे पर केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा। प्रियंका गांधी ने प्रदेश सरकार को महालोक के मुद्दे पर भी घेरा। मूर्तियों के टूटने पर प्रियंका ने कहा इन्होंने महाकाल को नहीं छोड़ा, नर्मदा मैया को नहीं छोड़ा। महाकाल मंदिर की मूर्तियों में भी पैसे खाए हैं। कहां जाकर रुकेंगे ये लोग। मेरे पास एक पंडित जी ने वीडियो भेजा था, उनका कहना था कि तेज हवा चलती है को मूर्तियां हिलने लगती हैं।



प्रियंका गांधी ने बीजेपी पर धर्म की राजनीति का आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र में 9 साल हो गए, मध्यप्रदेश में 18 साल हो गए, ये राजनीति बहुत आगे बढ़ चुकी है। आपकी जरूरतों को नकार रही है। आपके जज्बातों को उकसाया जाता है। हमारे लिए हमारा धर्म सर्वोपरि है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि पब्लिक को बहकाया जाए। पब्लिक के जज्बात उभारकर वोट मांगा जाए। कोई नेता, राजनीतिक दल ऐसा कर रहा है, तो आप उनकी आदत बिगाड़ रहे हो। आदिवासियों की दुर्दशा हो रही है।



Sanjay Sharma
editor.sanjaysharma
@Editor_Sanjay

## जिद... सच की

# परमाणु बमों की होड़ खतरनाक

*दुनिया में इस वक्त उथलपुथल मची है। जहां यूक्रेन-रूस युद्ध के सवा साल से ज्यादा समय हो गया है। वहीं समय-समय पर अमेरिका-चीन, भारत-चीन, चीन-ताइवान, जापान-उत्तर कोरिया व अन्य कई देशों में अपसी मन-मुटाव से एक तरह की अघोषित शीत युद्ध की ओर पूरा विश्व बढ़ रहा वह एक खतरनाक स्थिती है। इस पर सबको बैठकर चर्चा करना होगी ताकि मानवता को नुकसान न होने पाए। अब खबर है कि चीन ने परमाणु हथियारों के मामले में बड़ी छलांग लगाई है। सिप्री की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने एक साल में 60 नए परमाणु बम बनाए हैं। यह भारत और पश्चिमी देशों के लिए बड़ा खतरा है। वहीं राजनीतिक और आर्थिक अस्थिरता के दौर में चल रहा पाकिस्तान भी लगातार परमाणु बम बना रहा है। दुनिया में परमाणु हथियारों का जखीरा अब अपने सर्वोच्च स्तर तक पहुंच गया है। वहीं खराब होते अंतरराष्ट्रीय संबंधों से परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का खतरा बढ़ता जा रहा है।*

*स्टॉकहोम इंटरनैशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट यानि सिप्री की ताजा रिपोर्ट में यह बड़ा खुलासा हुआ है। सिप्री ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि दुनिया में इस समय 12,512 एटम बम हैं और पिछले साल की तुलना में इसमें 86 की बढ़ोत्तरी हुई है। इनमें से 60 एटम बम तो केवल चीन ने बढ़ाया है जो अमेरिका को भी परमाणु बम के मामले में टक्कर देने का इरादा रखता है। वहीं पाकिस्तान के परमाणु हथियारों की सुरक्षा को लेकर आशंका तो पहले से ही जताई जा रही है। सिप्री ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि चीन ने मात्र एक साल में 60 परमाणु बम बढ़ाए हैं जिससे उसके कुल परमाणु हथियारों की संख्या 350 से बढ़कर 410 तक पहुंच गई है। ताइवान के साथ तनाव के बीच चीन अपने एटमी हथियारों की संख्या को साल 2035 तक बढ़ाकर 900 तक पहुंचाना चाहता है। चीन की वर्तमान योजना साल 2027 तक परमाणु हथियारों की संख्या को बढ़ाकर 550 तक करने की है। चीन दावा करता है कि वह केवल न्यूनतम परमाणु प्रतिरोधक क्षमता हासिल करना चाहता है ताकि राष्ट्रीय सुरक्षा को बनाए रखा जाए लेकिन ताजा ट्रेंड उससे मेल नहीं खाते हैं। पिछले 30 साल से यह ट्रेंड चला आ रहा था कि परमाणु हथियारों की संख्या कम हो रही थी लेकिन इस साल यह प्रक्रिया खत्म हो गई है और ट्रेंड अब पलट गया है। सिप्री ने कहा कि दुनियाभर में तैनात किए गए परमाणु हथियारों की संख्या में भी बढ़ोत्तरी हुई है। यह पहले के 3,732 से एक साल में बढ़कर 3,844 तक पहुंच गया है। दुनिया में रूस और अमेरिका के पास 90 फीसदी परमाणु हथियार हैं। रूस के पास जहां 4,489 वारहेड हैं, वहीं अमेरिका उसके बाद दूसरे नंबर पर है।*

**"सिप्री की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने एक साल में 60 नए परमाणु बम बनाए हैं। यह भारत और पश्चिमी देशों के लिए बड़ा खतरा है। वहीं राजनीतिक और आर्थिक अस्थिरता के दौर में चल रहा पाकिस्तान भी लगातार परमाणु बम बना रहा है। दुनिया में परमाणु हथियारों का जखीरा अब अपने सर्वोच्च स्तर तक पहुंच गया है।**

(इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं)

# वस्तु का सदुपयोग पुण्य, दुरुपयोग पाप

योगेंद्र नाथ शर्मा 'अरुण'

हाल के वर्षों में आत्मकेंद्रित सोच के चलते लोग ऐसी वस्तुओं का अनावश्यक संग्रह व उपभोग करने लगे हैं, जो दूसरों के हितों का अतिक्रमण करती हैं। कहा भी जाता है कि प्रकृति ने हर व्यक्ति के भरण-पोषण का इंतजाम किया है, लेकिन कुछ लोगों के लालच ने इसे उस तक नहीं पहुंचने दिया है। यह प्रवृत्ति हमारे समाज में तेजी से बढ़ रही है और सामाजिक असमानता का विस्तार हुआ है। पिछले दिनों एक विवाह समारोह में जाना हुआ। लेकिन इन दिनों तो जाने क्यों, हर समारोह में आत्मीयता की जगह 'दिखावा' ही हावी दिखाई देने लगा है। ऐसी तड़क-भड़क थी कि आदमी वह चकाचौंध देखकर एक बार तो भ्रमित ही हो जाए।

विवाह स्थल के बाहर कारों का हुजूम जमा था और सड़क पर ट्रैफिक का जाम लगा हुआ था। किसी तरह हम अंदर पहुंचे, तो हमारे मित्र ने मना करते-करते भी, हमारा लिफाफा लेकर पास खड़े हुए व्यक्ति को दिया और हमारे साथ फोटो खिंचाए। अब शुरू हुआ, वहां लगे तरह-तरह के पंडालों में सजे व्यंजनों को खाने का सिलसिला, तो हम चकरा से गए। वहां इतने स्टाल कि समझ नहीं आ रहा था कि हम खाएं तो क्या खाएं? हमने देखा कि लोग खा कम रहे हैं और प्लेट्स में जूठा ज्यादा छोड़ रहे हैं। कितने ही स्टाल ऐसे थे, जहां रखे व्यंजनों को कोई छू तक नहीं रहा था। हर तरफ दुरुपयोग और अनुपयोग ज्यादा था, सदुपयोग बेहद कम नजर आया। एक तरफ इसी देश में ऐसे भी बदनसीब हैं, जिन्हें खाने को सूखी या बासी रोटी भी नहीं मिल पाती और यहां हर तरफ जूठी प्लेटों में वह सब बेकार पड़ा था, जो लोगों ने लिया, पर खाया ही नहीं था। मैंने तो दो रोटी खाई और जब लौटने लगा तो बरबस याद आई एक कथा, जिसने मुझे सोचने पर मजबूर कर दिया कि हम किधर जा रहे हैं? वह कथा आप भी पढ़िए— 'एक राज्य में एक बूढ़ा व्यक्ति रहता था, जो वस्तुओं के उपयोग के मामले में बहुत कंजूस था। उसके पास एक चांदी का पात्र था, जिसे वह बहुत संभाल कर रखता था, क्योंकि वह उसकी सबसे मूल्यवान वस्तु थी। उसने सोचा हुआ था कि वह कभी किसी विशेष व्यक्ति के आने पर उसे भोजन कराने के लिए उस पात्र का उपयोग करेगा।

एक बार उसके यहां एक संत आने वाले थे। उसने सोचा कि संत को उस चांदी के पात्र में भोजन परोसेंगे, लेकिन भोजन का समय आते-आते उसका विचार बदल गया। उसने सोचा, 'मेरा यह पात्र बहुत कीमती है, गांव-गांव



भटकने वाले साधु के लिए उसे क्या निकालना?' किसी राजसी व्यक्ति के आने पर ही इस पात्र का इस्तेमाल करूंगा। कुछ दिनों बाद उसके घर राजा का मंत्री आया। उसके मन में विचार आया कि मंत्री को चांदी के पात्र में भोजन कराऊं, लेकिन फिर सोचा, 'यह तो राजा का मंत्री है, जब राजा स्वयं मेरे घर पर भोजन करने आएंगे, तब कीमती पात्र निकाल लूंगा।' कुछ समय और बीता। एक दिन राजा स्वयं उसके घर भोजन के लिए पधारे, लेकिन राजा कुछ समय पूर्व पड़ोसी राजा से युद्ध में हार गए थे। भोजन परोसते समय बूढ़े व्यक्ति ने विचार किया कि पराजय के कारण इस राजा का गौरव तो कम हो गया है। अपने इस कीमती पात्र में तो अब मैं किसी बड़े गौरवशाली व्यक्ति को ही भोजन कराऊंगा। इस तरह उसका पात्र बिना उपयोग के पड़ा ही रह गया और कुछ समय उपरांत बूढ़े व्यक्ति की मृत्यु हो गई। उसकी मृत्यु के बाद, एक दिन उसके बेटे को वह चांदी का पात्र दिखाई दिया, जो बेकार रखे-रखे बेहद काला पड़ चुका था। उसने वह पात्र अपनी पत्नी को दिखाकर पूछा कि इसका क्या करें? वह चांदी का पात्र इतना अधिक काला पड़ चुका था कि पता ही नहीं चल रहा था कि यह चांदी का भी हो सकता है। उसकी पत्नी बुरा मुंह बनाते हुए बोली, 'कितना गंदा पात्र है, इसे तो कुत्ते को भोजन देने के लिए निकाल दो।' बस उस दिन के बाद से उन का पालतू कुत्ता बूढ़े के उस मूल्यवान चांदी के बर्तन में भोजन करने लगा।' मित्रों! सोचता हूं कि यह विडंबना ही तो है कि जिस पात्र को बूढ़े व्यक्ति ने जीवनभर किसी विशेष व्यक्ति के लिए संभाल कर रखा था, अनुपयोग के कारण अंततः उसकी यह गत हुई कि उसमें कुत्ते को भोजन मिला। कोई वस्तु कितनी भी मूल्यवान क्यों न हो, उसका मूल्य तभी है, जब वह उपयोग में लाई जाए।

बिना उपयोग के बेकार पड़ी कीमती से कीमती वस्तु का भी कोई मूल्य नहीं होता। याद रखिए, वस्तु की चार गतियां होती हैं, सदुपयोग, उपयोग, दुरुपयोग और अनुपयोग। यदि सदुपयोग और उपयोग हो, तो उत्तम है। दुरुपयोग भी कहीं न कहीं सह लिया जाता है, लेकिन वस्तु का अनुपयोग तो अपराध या फिर पाप ही माना जाएगा। आइए, हम सभी यह संकल्प लें कि जहां तक संभव हो, जीवन में हर वस्तु का सदुपयोग करेंगे। इस प्रकार हम 'अनुपयोग' के अपराध या पाप से तो बच पाएंगे।

# शैक्षिक संस्थानों को अनुदान से स्वावलंबन की राह

सुरेश सेठ



भारत को एक युवा देश कहा जाता है। इसकी लगभग आधी जनता कार्यशील आयु वर्ग में है और शिक्षा प्राप्त करने के उपयुक्त आयु अर्थात 16 से 26 की उम्र के तहत भी लगभग एक-तिहाई जनता आ जाती है। सरकार ने उच्च शिक्षा को व्यावहारिक और उपयोगी बनाने के लिए नई शिक्षा नीति बना दी है। दरअसल, हर चुनावी एजेंडे में जनता को शिक्षित करना और नौनिहालों को विद्या दान देना एक आकर्षक मुद्दा है, इसलिए लगभग सभी प्रभावशाली पार्टियां शिक्षा में बेहतरी को एक मुख्य एजेंडा मानकर चल रही हैं। पिछले दिनों उच्च शिक्षा के बारे में एक सर्वेक्षण भी आया कि इसके बावजूद अध्ययनरत युवा उचित शोध और अन्वेषण के प्रति झुकाव नहीं रखते हैं। यह भी कि पंजाब, राजस्थान और हरियाणा में नौजवानों का रुख वैज्ञानिक विषयों से अधिक कला संकाय के चयन की ओर हो रहा है। ऐसी बातों को उच्च शिक्षा के नये मॉडल को चुनौती के तौर पर स्वीकार करना चाहिए। वैसे यह तो स्वीकार होता रहेगा, पहले देखें कि इस समय राज्यों में युवाओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने का क्या माहौल है?

पंजाब सहित प्रायः सभी राज्यों में कुछ राज्य विश्वविद्यालय हैं और कुछ निजी विश्वविद्यालयों का विकास भी अब तेजी से हो रहा है। शिक्षा का निजीकरण पंजाब में तो इस तेजी से हुआ कि अगर यहां तीन नियमित स्टेट यूनिवर्सिटीज काम कर रही हैं तो लगभग 16 निजी विश्वविद्यालय कार्यरत हैं। केन्द्रीय विश्वविद्यालयों की बात छोड़िए। पिछले दिनों में पंजाब यूनिवर्सिटी किस राज्य का गौरव है और इस पर पूर्ण अधिकार किसका हो, इसके बारे में दो मीटिंग हुईं। पहली मीटिंग में पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक के साथ पंजाब और हरियाणा के मुख्यमंत्री शामिल हुए और इसी की अगली किस्त के रूप में 6 जून को भी दूसरी मीटिंग हुई है। सवाल इन नियमित यूनिवर्सिटियों के आर्थिक संकट का है।

बेशक ये यूनिवर्सिटियां पंजाब का गौरव हैं जैसे पंजाब यूनिवर्सिटी, पंजाबी विवि और गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी। लेकिन ये अर्थाभाव से घिरी हैं। एक यूनिवर्सिटी में तो इस साल के शुरू में शिक्षक और गैर-शिक्षक वर्ग को वेतन देने में कठिनाई पैदा हो गई थी जिसको पंजाब सरकार ने उदार अनुदान के साथ हल किया। लेकिन संकट अभी भी खड़े हैं। पंजाब, हरियाणा और हिमाचल के विश्वविद्यालय ही नहीं बल्कि अन्य विश्वविद्यालय भी सरकारी अनुदान पर निर्भर हैं, अगर वे नियमित हैं। वहीं निजी विश्वविद्यालयों के बारे में शिकायत यह कि ये फीसों आदि की अंधाधुंध वसूली करते हैं। इससे गरीब का बच्चा इनमें नहीं पढ़ सकता। पिछले दिनों इन विश्वविद्यालयों और फीस ढांचे की जांच भी होनी शुरू हुई। हिमाचल के एक विश्वविद्यालय पर भी अनियमितता के चलते कार्रवाई हुई। लेकिन स्टेट यूनिवर्सिटीज़ या केन्द्रीय विश्वविद्यालयों का आर्थिक जिम्मा तो केन्द्र व राज्य सरकारों की सम्मिलित रूप से लेना चाहिए। लेकिन बीते दिनों एक सर्कुलर देश के राज्य विश्वविद्यालयों के वाइस चांसलरों को प्राप्त हुआ जिसमें उन्हें आत्मनिर्भर होने के लिए यह कहा गया कि हमारे अनुदानों पर निर्भर न कीजिए, अपने कोष बनाइए और उन्हीं से अपना काम चलाइए। इससे पहले इन यूनिवर्सिटियों को चलाने का जिम्मा केन्द्र सरकार और संबंधित राज्य सरकार का संयुक्त रूप से रहता था।

इसके लिए शिक्षा कर और सैस भी लगाए जाते थे। बार-बार आर्थिक विशेषज्ञों ने कहा कि देश में शिक्षा और शोध के विकास व अन्वेषण के लिए सरकार अपने जीडीपी का कम से कम 6 प्रतिशत व्यय करे। लेकिन किसी भी वर्ष इतना खर्च शिक्षा के विकास पर नहीं हो पा रहा। कर्ज के भार से दबी हुई राज्य सरकारें रियायत, अनुदान की नीति पर चलती रहीं। इसकी नई और आकर्षक योजनाएं घोषित करने में तो कोई विलम्ब नहीं करतीं। राज्य सरकारें कर्जभार से कितनी ही दब जाएं लेकिन जब शिक्षा की बात आती है तो उसके लिए आवंटित राशि में या तो कटौती हो जाती है या फिर उसे पूरा करने के लिए निजी क्षेत्र को आवाज देने की बात होने लगती है। जबकि आधुनिक वैज्ञानिक और डिजिटल जमाने में शिक्षा के बिना आदमी असंबद्ध जैसा है। समय के साथ चलने के लिए उसे न केवल पर्याप्त शिक्षित होना चाहिए बल्कि नये-नये शोध भी उसके विकास मार्ग को सुगम करें।

लेकिन जो चिट्ठी हरियाणा सहित अन्य राज्यों के मुख्य सचिवों को अभी प्राप्त हुई है, उसमें इन विश्वविद्यालयों को अपने कोष खुद स्थापित करने के लिए कहा गया है। उन्हें कहा गया है कि वे चाहे अपने पुराने छात्रों से पैसे भेंट के रूप में स्वीकार करें या सार्वजनिक-निजी भागीदारी में प्रोजेक्ट चलाकर कमाएं या रिसर्च, शोध ग्रांट और अपने अन्वेषण के पेटेंट करवाकर पैसे की कमाई करें। उन्हें अब अपने पैरों पर खड़ा होने की जरूरत है। वहीं यह संदेश रेखांकित करता है कि जब अपने ही पैरों पर खड़े होने की बात आएगी तो ये विश्वविद्यालय छात्रों से अधिक फीस और चार्जेज की मांग करेंगे जिसका बोझ अभिभावकों पर पड़ेगा। निजी विश्वविद्यालय तो पहले ही उनकी पहुंच से दूर थे। क्या अब नियमित विश्वविद्यालयों को भी सरकारी अनुदान पर निर्भर न रहने का जो संदेश दिया गया है, वह शिक्षा को कल्याणकारी कार्य के बजाय बाजारीकरण के भरोसे नहीं छोड़ देगा? इस चिट्ठी में यह भी शामिल है कि यूनिवर्सिटियों के पास जो जमीनें और अन्य संसाधान फालतू पड़े हैं।

# गर्मी में शरीर को राहत पहुंचाता है सत्तू से बना ड्रिंक



तेज गर्मी और चिलचिलाती धूप की वजह से हर कोई परेशान है। कई शहरों में तो अधिकतम तापमान 42 डिग्री के पार तक दर्ज किया जा रहा है। आलम ये है कि तेज धूप के कारण लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में कई तरीके अपनाकर लोग गर्मी से राहत पाने की कोशिश कर रहे हैं। गर्मी की वजह से शरीर पर कई तरह की परेशानियां सामने आने लगती हैं, जैसे सनबर्न और टैनिंग। इसका इलाज तो हम स्किन केयर करके कर ही लेते है। इसके साथ ही गर्मी में शरीर काफी डिहाइड्रेट भी होने लगता है। जिसके लिए ऐसे खान-पान की जरूरत होती है, जो शरीर में होने वाली पानी की कमी को पूरी करें। ऐसे में गर्मियों में सत्तू का ड्रिंक पीना काफी फायदेमंद होता है।



### सामग्री

चने का सत्तू - आधा कप, पोदीना के पत्ते - 10, नींबू - आधा, हरी मिर्च - आधी, भुना जीरा - आधा छोटी चम्मच, काला नमक - आधा छोटी चम्मच, सादा नमक - स्वादानुसार

### फायदा

तेज गर्मी में धूप और लू से बचने के लिए सत्तू का सेवन किया जाता है। अगर आप गर्मी में रोजाना इसका सेवन करेंगे तो पहले तो आपको जल्दी भूख नहीं लगेगी। इसके साथ ही ये आपके शरीर को उर्जावान रखता है। सत्तू का सेवन पेट को ठंडक पहुंचाने में मददगार है।

### विधि

गर्मी के दिनों में यूपी और बिहार में सत्तू का सेवन एक स्पेशल ड्रिंक के रूप में किया जाता है। गर्मी में सत्तू बनाने के लिए सबसे पहले आप पुदीने के पत्तों को अच्छे से धोकर इसके छोटे-छोटे टुकड़े कर लें। इसके बाद अब आप हरी मिर्च और प्याज को बेहद ही महीन-महीन काट लें। अब इसके बाद एक कटोरे में ठंडा पानी लें और इसमें थोड़ा-थोड़ा सत्तू मिलाना शुरू करें। सत्तू को इतना घोलें कि इसमें गांठ ना रह जाए। सत्तू को अच्छे से घुल जाने के बाद इसमें भुना जीरा, काला नमक, सादा नमक डालकर अच्छे से मिलाएं। आखिर में इसमें पुदीना और नींबू का रस डालें। बस आपका ये ड्रिंक तैयार है। अब इसे गिलास में सर्व करें। इसमें ऊपर से बर्फ डालना कतई ना भूलें।

# घर पर बनाएं प्याज का अचार

गर्मियों के मौसम में कुछ भी खाने से पहले सोचना पड़ता है। कई बार हल्का सा भी ज्यादा खाने से गर्मियों फूड प्वाइजिंग की समस्या देखने को मिलती है। इस मौसम में डिहाईड्रेशन और थकावट होना बेहद आम बात है। ऐसे में गर्मी के इस मौसम में अपना ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। गर्मियों के मौसम में दिन के समय इतनी तेज धूल भरी आंधी और गर्म हवाएं चलती हैं, कि घर से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। गर्मी की वजह से कई बार लू लग जाती है तो तबियत बिगड़ने लगती है। ऐसे में डॉक्टर्स सलाह देते हैं कि, खाने में ऐसी चीजों का सेवन किया जाए, जिससे लू लगने की संभावना कम हो और शरीर हाईड्रेटेड रहे। दरअसल, गर्मी में प्याज खाने से शरीर को काफी ठंडक मिलती है तो अगर आप प्याज का सेवन अचार के रूप में करेंगे तो इससे खाने का स्वाद भी बढ़ जाएगा और शरीर को राहत भी मिलेगी।

## लू से मिलती है राहत

### सामग्री

प्याज, नमक, हल्दी, लाल मिर्च पाउडर, अमचूर, सौंफ, कलौंजी, मेथी दाना, जीरा, करी पत्ता, खड़ी लाल मिर्च, गुड



### विधि

ये प्याज का अचार बनाना बेहद आसान है। इसके लिए आपको सबसे पहले छोटे प्याज को छांट कर अलग करके साफ करना है। इसके बाद इन प्याज में इस तरह से कट लगाएं कि ये अलग ना हो। प्याज काटने के बाद अब नमक, हल्दी, लाल मिर्च पाउडर, अमचूर, सौंफ और कलौंजी मिलाकर इसका मसाला तैयार कर लें। इसे तैयार करने के बाद प्याज के बीच में इस मिलाए हुए मसाले को अच्छे से भर लें। इसके बाद एक पैन में तेल गर्म करें और उसमें मेथी दाना, जीरा, करी पत्ता, खड़ी लाल मिर्च डालकर अच्छे से भूनें। मसाले भुन जाने के बाद इसमें प्याज डालें। जब ये सब पक जाए तो इसमें एक चौथाई कप पानी डालें और साथ में थोड़ा सा गुड़ भी डालें। इसे भी अब पांच से छह मिनट कर पकाएं। बस अब आपका प्याज का अचार तैयार है। इसे खाने के साथ परोसें और खाने के स्वाद को दोगुना करें।

# हंसना मना है

सास- जमाई राजा, अगले जन्म में आप क्या बनोगे? जमाई- सासू मां मैं अगले जन्म में छिपकली बनूंगा, सास- छिपकली क्यूं? जमाई- क्योंकि मेरी बीवी छिपकली से बहुत डरती है।

पति- सुनो, तुमने मुझमें ऐसा क्या देखा था जो मुझसे शादी के लिए हां कर दी, पत्नी- मैंने बालकनी से आपको एक-दो बार बर्तन साफ करते हुए देखा था।

लड़कों ने कॉलेज के नोटिस बोर्ड पर लिख दिया 50 प्रतिशत लड़कियां बेवकूफ होती हैं, लड़कियों ने ये देखा तो उन्हें बहुत बुरा लगा, उन्होंने कॉलेज में हंगामा खड़ा कर दिया। कॉलेज प्रबंधन ने तुरंत उस नोटिस को निकलवाया और उसकी जगह नया नोटिस लगवाया। 50 प्रतिशत लड़कियां बेवकूफ नहीं होती हैं, तब जाकर लड़कियों का गुस्सा शांत हुआ।


बाप: तुम मेरी बेटी को कबसे प्यार करते हो? लड़का: 7 महीनो से, बाप: लेकिन मैं यकिन कैसे करू? लड़का: और 2 महीने रुक जाओ।

# कहानी

## दुसरों की मदद

एक बार की बात है एक सेमिनार में 200 लोगों ने हिस्सा लिया। वह पे जो प्रवक्ता थे उन्होंने वहां बैठे हर इंसान को एक-एक गुब्बारा दिया और उसपे अपना नाम लिखने को कहा। वहां बैठे सभी लोगों ने गुब्बारे पे अपना अपना नाम लिख दिया। प्रवक्ता ने उन गुब्बारों को लिया और एक कमरे में ले जाकर रख दिया। फिर प्रवक्ता ने सभी लोगों से कहा आप लोग उस कमरे में जाइये और 5 मिनट के अंदर अपने नाम का गुब्बारा ले के आइये। सभी लोग कमरे के अंदर अपना गुब्बारा लेने के लिए गए। और एक दूसरे को धक्का देते हुए अपने नाम का गुब्बारा ढूंढ़ने लगे। नतीजा ये हुआ कि 5 मिनट बीत गए पर किसी को भी अपने नाम का गुब्बारा नहीं मिला। इसके बाद प्रवक्ता कहते है की एक बार फिर से अंदर जाओ और कोई सा भी गुब्बारा मिले उसे उठा लो और उसपे जिसका नाम लिखा है उसे वह गुब्बारा दे दो। 5 मिनट से भी कम समय में सबके पास अपने-अपने नाम का गुब्बारा अपने हाथ में आ गया। **कहानी से सीख-** इस कहानी से हमें ये शिक्षा मिलती है की अपने ही भलाई के बारे बस नहीं सोचना चाहिए। दुसरों की मदद करने से भी हमारा काम आसान हो सकता है।

# 7 अंतर खोजें



# जानिए कैसा रहेगा कल का दिन



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री

लेखक प्रसिद्ध ज्योतिषविद हैं। सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें-9837081951

**मेष** आज आपके व्यक्तित्व में निखार आयेगा। घर पर अचानक मेहमान आ सकते हैं। आपको रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। आप धार्मिक कार्यों में रूचि लेंगे।

**वृषभ** आज नई साझेदारी, संपर्क, अचानक यात्रा की योजना और अप्रत्याशित विदेश यात्रा संभव हैं। कोर्ट-कचहरी के मामलों में राहत आपको खुशी दे सकती है।

**मिथुन** आज पारिवारिक जीवन बेहतर बना रहेगा। लोगों की मदद आपको मिलती रहेगी। दोस्तों के साथ किसी खास विषय पर बातचीत कर सकते हैं।

**कर्क** आज कई क्षेत्रों में समस्याएं दिखाई दे सकती हैं। आपकी सेहत की स्थिति बिगड़ सकती है और आप भावनात्मक रूप से परेशान भी हो सकते हैं।

**सिंह** आज आप नए लोगों से थोड़ा संभलकर रहें। किसी भी काम को करने से पहले बड़ों की सलाह लेना फायदेमंद रहेगा। आज बच्चे पढ़ाई के प्रति कुछ कम रूचि लेंगे।

**कन्या** आज आप बहुत भाग्यशाली होंगे और अधिकारियों से विशेष सहयोग प्राप्त करेंगे। आप अपने सभी प्रयासों में सफल होंगे। कुछ पोषित इच्छाओं की पूर्ति होगी।

**तुला** आज आर्थिक स्थिति में उतार-चढ़ाव रहेगा। काम का बोझ अधिक हो सकता है, लेकिन आप किसी काम के लिए जितना ज्यादा प्रयास करेंगे, काम उतना ही बेहतर तरीके से होगा।

**वृश्चिक** व्यावसायिक संदर्भ में, आप बड़ी सफलता प्राप्त करेंगे और एक उच्च सामाजिक स्थिति हासिल करेंगे। आप अपने सभी विरोधियों पर विजय प्राप्त कर सकते हैं।

**धनु** आज आर्थिक रूप से आप स्ट्रांग बने रहेंगे। आपका स्वास्थ्य तंदरुस्त बना रहेगा। बिजनेस के सिलसिले से की गई यात्रा लाभदायक रहेगा।

**मकर** आज आप कठिनाइयों को दूर करने और प्रगति की ओर बढ़ने में सक्षम होंगे। आपकी मेहनत का अप्रत्याशित रूप से भुगतान किया जाएगा।

**कुम्भ** आज आपको किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। आय के नए स्रोत सामने आयेंगे। ऑफिस का काम रोज की तुलना में बेहतर तरीके से होगा।

**मीन** व्यापारिक संदर्भ में आपको कोई शुभ समाचार मिल सकता है। आपके वरिष्ठ व सहयोगी आपको पूर्ण सहयोग देंगे। आपके कई लोगों से मित्रतापूर्ण संबंध बनेंगे।

बॉलीवुड | मन की बात

# सबसे ज्यादा नेपोटिज्म तो साउथ फिल्म इंडस्ट्री में है : अविका गौर



अविका गौर का नाम जब भी लिया जाता है तो टीवी शो बालिका वधू की नन्ही आनंदी जहन में आ जाती है। इस डेली सोप के साथ अविका छोटी उम्र में ही बड़ी स्टार बन गई थीं। इसके बाद उनका दूसरा शो ससुराल सिमर का भी सुपरहिट रहा था। अविका गौर ने टीवी से निकलने के बाद फिल्मी दुनिया में कदम रखा। उन्होंने साउथ की कई फिल्मों में काम किया है। वहीं, अब वो जल्द बॉलीवुड में भी डेब्यू करने जा रही हैं। इस बीच अविका ने साउथ फिल्म इंडस्ट्री को लेकर बात की और नेपोटिज्म के गंभीर आरोप लगाए। अविका गौर ने सिद्धार्थ कनन के शो में बात करते हुए साउथ फिल्म इंडस्ट्री को नेपोटिज्म की दुकान बताया। एक्ट्रेस ने कहा कि लोगों को सिर्फ बॉलीवुड में नेपोटिज्म दिखता है, लेकिन सबसे ज्यादा तो साउथ में है। अविका ने कहा, देखिए जब स्टार पावर की बात आती है, तो साउथ पूरी तरह से स्टार पावर के बारे में है। जब नेपोटिज्म की बात आती है, तो हम सभी यह शब्द सुनते-सुनते थक गए हैं ... साउथ नेपोटिज्म के बारे में है। तो चीज बिल्कुल वही है... बस इतना है कि दर्शक इसे वहां नहीं देखना पसंद कर रहे हैं, जिस तरह से वे इसे बॉलीवुड में देख रहे हैं। एक्ट्रेस ने आगे कहा, हिंदी फिल्मों के लिए एक बायस क्रिएट हो चुका है, बॉलीवुड फिल्मों की ये जो भी बनाएंगे हम पहले जज करेंगे...समय के साथ ये एक पक्षपाती रवैया बन चुका है और इंडस्ट्री का हिस्सा होते हुए मुझे लगता है कि काफी टाइम वो फेज चला जहां पर साउथ की बहुत सारी रीमेक बनी ... तो लोगों ने सोचा कि हम बस कॉपी करते हैं... मुझे लगता है कि यह सिर्फ उस पक्षपात के बारे में है।

# हाथ में हथौड़ा लेकर जानवरों की तरह खून बहाते दिखे रणबीर कपूर




## Animal का टीजर रिलीज

बॉलीवुड | मसाला

भारत एक्टर रणबीर कपूर तू झूठी मैं मक्कार के बाद अब कबीर सिंह निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा की अपकमिंग फिल्म एनीमल में जोरदार एक्शन करते नजर आने वाले हैं। दर्शक काफी समय से फिल्म की रिलीज होने का इंतजार कर रहे हैं। अब मेकर्स ने इस मोस्ट अवेटेड फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया है। फिल्म के टीजर को देखकर लग रहा है कि रणबीर एनीमल से बॉक्स ऑफिस के कई रिकॉर्ड तोड़ने वाले हैं।


एनीमल के ट्रेलर रिलीज से पहले मेकर्स ने फिल्म का प्री-टीजर रिलीज किया है। टीजर फैंस को खासा पसंद आ रहा है। प्री-टीजर शुरू होते ही उसमें कुछ लोग दिखते हैं, जो स्कल शेप का गोल्डन फेस मास्क पहने हुए हैं और उनके हाथ में कुल्हाड़ी है। इसके बाद फिल्म के रणबीर की एंट्री होती है जो एक हथौड़ा उठाता है और एक-एक करके सभी को ऐसे काटना शुरू करता है जैसे उसपर शैतान सवार हो गया हो। पूरे प्री-टीजर के बैकग्राउंड में पंजाबी गाना चलता है।

एनीमल के प्री-टीजर को देखने के बाद दर्शकों फिल्म के लिए बहुत एक्साइटेड हो गए हैं। अब वे रणबीर कपूर की फुल ऑफ एक्शन लोडेड फिल्म को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा- मैं इस फिल्म के लिए बहुत एक्साइटेड हूं, हमने रणबीर कपूर को अब तक सिर्फ रोमांटिक फिल्मों में देखा है लेकिन इस बार रणबीर मास फिल्म के सारे रिकॉर्ड तोड़ देंगे... वहीं एक और शख्स ने लिखा है, जब

### ये एक्टर आएंगे नजर

संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी फिल्म एनीमल के निर्माता भूषण कुमार है। एक थ्रिलर स्टोरी है, जिसमें रणबीर कपूर के साथ अनिल कपूर, रश्मिका मंदाना, बॉबी देओल और तृप्ति डिमरी जैसे स्टार कलाकार भी दिखाई देंगे। फिल्म 11 अगस्त 2023 को 5 भाषाओं हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में दुनिया भर में रिलीज की जाएगी।

# आलिया पर कमेंट करते ही ट्रोल हुए शाहिद कपूर



अक्षय कुमार इन दिनों अपनी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां की शूटिंग में बिजी हैं। इस फिल्म में उनके साथ टाइगर श्रॉफ नजर आने वाले हैं। वहीं अभिनेता की आने वाली फिल्म ओएमजी 2 का भी फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। क्योंकि इस फिल्म का पहला पार्ट फैंस को खासा पसंद आया था। अब ओएमजी 2 को लेकर नया अपडेट सामने आया है। मेकर्स ने इस फिल्म की रिलीज डेट बता दी है। तो चलिए जानते हैं कि यह फिल्म कब रिलीज हो रही है।

अक्षय कुमार की मच अवेटेड फिल्म ओएमजी की रिलीज डेट जारी कर दी गई है। यह फिल्म 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। अक्षय कुमार की यह फिल्म सनी देओल की गदर 2 को टक्कर देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। पहले कई मीडिया रिपोर्ट्स सामने आई थीं कि मेकर्स फिल्म को सीधा ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज करने के बारे में सोच रहे हैं। हालांकि अब बॉलीवुड के खिलाड़ी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर ओएमजी 2 का पोस्टर रिलीज करते हुए मूवी की रिलीज डेट भी जारी कर दी है।

बता दें कि अपनी फिल्म का पोस्टर खुद अक्षय कुमार ने शेयर किया है। इस पोस्टर में वह शरीर पर भस्म लगाए हुए हैं। उनकी लंबी लंबी जटाएं हैं। वह नीचे की ओर देख रहे हैं और एक हाथ उठाकर डमरू पकड़े हुए हैं। ओएमजी 2 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। अक्षय कुमार ने इस फिल्म के साथ कैप्शन में लिखा है, आ रहे हैं हम, आइएगा आप भी 11 अगस्त को सिनेमाघरों में ओएमजी 2। अक्षय का यह पोस्ट पढ़ने के बाद फैंस काफी ज्यादा एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। ओएमजी 2 में अक्षय कुमार के साथ यामी गौतम और पंकज त्रिपाठी अहम किरदार में हैं। इस बार यह फिल्म शिक्षा व्यवस्था पर आधारित होने वाली है।

अजब-गजब | भारत के लोगों की लंबाई में हुआ है इजाफा

# यहां के मर्द होते हैं सबसे लंबे और बेहद स्मार्ट

आपने दुनिया के सबसे लंबे जीवित इंसान के बारे में सुना होगा। सुल्तान कोसेन, जिनकी लंबाई 8 फीट 3 इंच है। तुर्की के किसान परिवार में जन्मे सुल्तान अपनी लंबाई की वजह से पूरी दुनिया में पॉपुलर हैं, लोग उनके साथ एक सेल्फी लेने के लिए बेताब रहते हैं। ये तो हुई एक बात। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया में कौन सा ऐसा देश है, जहां के मर्द सबसे लंबे होते हैं? इतने स्मार्ट कि देखते ही लड़कियां फिदा हो जाएं। और भारतीय किस नंबर पर आते हैं? आइए जानते हैं।

ज्यादातर यूरोपीय देशों में पुरुषों की लंबाई अन्य मुल्कों के मुकाबले अधिक होती है, लेकिन ट्यूलिप गार्डन और पवन चक्कियों के लिए मशहूर नीदरलैंड दुनिया के सबसे लंबे पुरुषों का घर है। 195 देशों पर किए गए शोध से पता चला कि यहां 1996 में पैदा हुए पुरुषों का औसत कद 182.54 सेंटीमीटर है, यानी हर इंसान लगभग 6 फीट के बराबर है। आप जानकर और भी हैरान होंगे कि 1914 में यहां के लोगों का औसत कद 169..4 सेंटीमीटर हुआ करता था। यानी तकरीबन 100 साल में कद 13 सेंटीमीटर बढ़ गया।

दुनिया के ज्यादातर मुल्कों में पुरुषों की लंबाई में इजाफा हुआ है। आवर वर्ल्ड इन डेटा की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका के लोगों की 1914 में जहां औसत लंबाई 171.08 सेंटीमीटर थी, वह अब बढ़कर 177.13 सेमी हो गई है। इसी तरह ब्रिटेन में



औसत कद 166.8 सेंटीमीटर हुआ करता था, लेकिन अब यह 177.49 सेमी यानी लगभग 5 फीट 10 इंच है। भारत के पड़ोसी देशों की बात करें तो पाकिस्तान के लोगों का कद लगभग उतना ही है, जितना तकरीबन 100 साल पहले था। उस समय उनका कद 165.68 था और अब 166.96 सेंटीमीटर। भारत के लोगों की लंबाई में इजाफा हुआ है। 100 साल पहले यह 161.96 सेंटीमीटर था जो अब बढ़कर 164.95 हो गया है। यानी तकरीबन 5 फीट 4 इंच। सबसे ज्यादा कद वाले शीर्ष 10 देशों की सूची में नीदरलैंड के बाद बेल्जियम, एस्टोनिया, लातविया, डेनमार्क, बोहस्निया, क्रोएशिया सर्बिया, आइसलैंड और चेक रिपब्लिक का नाम है। जहां मर्दों की औसत लंबाई सबसे ज्यादा है। महिलाओं की बात की जाए तो लातविया सबसे ऊपर है। यहां महिलाओं की लंबाई 170 सेंटीमीटर से भी ज्यादा है। दूसरी ओर सबसे छोटे कद वाले देशों की बात की जाए तो पूर्वी तिमोर सबसे ऊपर आता है। यहां पुरुषों की औसत लंबाई सिर्फ 159.79 सेमी यानी 5 फीट 2 इंच है। इसके बाद यमन 159.89 सेमी, लाओस 160.52 सेमी, मेडागास्कर 161.55 सेमी और मलावी 162.23 सेमी का नंबर आता है। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के अनुसार, 1940 में दुनिया का सबसे लंबा आदमी रॉबर्ट वाडलो 272 सेमी 8 फीट 11 था। आज दुनिया का सबसे छोटा आदमी, जो आज भी जीवित है, अफशीन ग़दरज़ादेह है, जो 65.24 सेमी यानी 2 फीट 2 इंच का है।

# 150 साल पुराने इस पाटे को देखने देश-विदेश से बीकानेर आते हैं पर्यटक




निखिल स्वामी/ बीकानेर। बीकानेर अपनी कला संस्कृति के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। यहां की पाटा संस्कृति पूरे विश्व में अपनी पहचान रखती है। बीकानेर शहर के परकोटे में हर चौक में यह पाटे देखने को मिल जाएंगे। कहीं चार तो कही सात पैरों के पाटे आपको देखने के लिए मिल जाएंगे। बीकानेर में एक ऐसा पाटा है जो चार या सात नही बल्कि नौ पैरो का पाटा है। हम बात कर रहे है बीकानेर के दसानियों के मोहल्ले स्थित पाटे की। यह पाटा बीकानेर का सबसे बड़ा और सबसे ज्यादा पैरो का पाटा है। इस पाटे पर बैठकर लोग सुबह और शाम गपशप करते हैं। मोहल्ले के निवासी देवेंद्र कुमार दासानी ने बताया कि यह पाटा लगभग 150 साल पुराना है। पाटे पर सभी वर्ग के लोग बैठते है। इस पाटे चार फुट ऊंचा और 12 से 14 फुट लंबा है। इस पाटे पर पहले लोग सुख दुख की बात करते थे। जब किसी के कोई समस्या होती थी तो आस पास पूछकर कुछ अमीर लोग उनकी सहायता करते थे। कुछ लोग कहते है की यह पाटा नौ पैरों का मतलब नौ ग्रह के हिसाब से बनाए गए है। यह पाटा सांगवान की लकड़ी से बना हुआ है। इस पाटे पर गर्मी को शाम होते ही लोग आना शुरू हो जाते है। यहां राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय मुद्दो पर बातचीत चलती है। इस पाटे पर एक साथ 25 लोग बैठ सकते है। देवेंद्र ने बताया कि यह पाटा बीकानेर का बड़ा पाटा है इस वजह से देशी और विदेशी सैलानी देखने को आते है। इस चौक में दो से तीन पाटे है। जबकि नौ पैरो का पाटा चौक के बीचोबीच रखा हुआ है। जहां सभी लोग के घर दिख जाते है।

# सतपुड़ा भवन में आग लगी या लगाई गई : कांग्रेस

## » मध्य प्रदेश से जा रही भाजपा सरकार : कांग्रेस

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क




भोपाल। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में सोमवार को सतपुड़ा भवन में आग पर अभी काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है पर राज्य की सियासत में लपटों गर्माहट तेज हो गई। आग के बहाने कांग्रेस ने भाजपा की शिवराज सरकार पर जमकर हमला बोल दिया है। कांग्रेस ने ट्वीट कर कहा कि शिवराज के दफ्तर की आग बता रही है कि भाजपा सरकार मध्य प्रदेश से जा रही है। वहीं कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर निशाना साधते हुए कहा कि आग लगी है या लगाई गई है।

आग ने 12 हजार सरकारी फाइलों को अपने आगोश में समेट लिया। इसी के साथ सियासी लपटों का तेज होना शुरू हो गया और सियासी बयानबाजी के तीर चलने लगे। सेना, सीआईएसएफ और दमकल कर्मियों ने करीब 14 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि इस आग से चार मंजिल का करीब 80 फीसद हिस्सा जल गया है।

सतपुड़ा भवन में कुल छह मंजिल हैं। आग तीसरी मंजिल पर आदिम जाति कल्याण विभाग के कार्यालय में लगी। बताया जाता है कि आग शार्ट सर्किट की वजह से लगी। आग लगने के बाद सभी कर्मियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इससे पहले भी 2018 में यहां आग लगी थी।

## सेना की मदद मांगी, शिवराज ने राजनाथ से की बात



रात में आग काबू में नहीं आने की स्थिति में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से बात की और सेना की मदद मांगी। इसके बाद भोपाल से सेना के अधिकारी दमकल के साथ सतपुड़ा भवन पहुंचे और मोर्चा संभाला। देर रात वायुसेना के अधिकारी भी सतपुड़ा भवन पहुंच चुके हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से बात की, इसके बाद वायुसेना के मुख्यमंत्री चौहान ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से बात की। इसके बाद वायुसेना के एएन-32 विमान और एमआई-15 हेलीकाप्टर आग बुझाने के लिए दिल्ली से भोपाल भेजने का निर्णय लिया गया। देर रात एक बजे तक विमान भोपाल नहीं पहुंचे थे। वायुसेना के विमान और हेलीकॉप्टर ऊपर से पानी फेंककर आग बुझाने का प्रयास करेंगे। वायुसेना के विमानों के आने के कारण भोपाल एयरपोर्ट रात भर खुला रहेगा।

### प्रधानमंत्री और शाह को भी दी जानकारी



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सतपुड़ा भवन में लगी विकराल आग को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से फोन पर बात की है। दोनों नेताओं को आग बुझाने के लिए किए गए प्रयासों की जानकारी देने के साथ किए जाने वाले प्रयासों को बताया। दोनों नेताओं ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को आगजनी की इस घटना को लेकर हर संभवव मदद करने का आश्वासन दिया है।

### समिति करेगी जांच

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आगजनी की जांच के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित कर दी है। यह समिति आग लगने के प्रारंभिक कारणों की रिपोर्ट मुख्यमंत्री शिवराज सिंह को सौंपेगी। जांच समिति में एसीएस गृह डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास नीरज मंडलोई, प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग सुखबीर सिंह और एडीजी अग्निशमन आशुतोष राय को शामिल किया गया है।



# कार ने तीन बुजुर्गों को रौंदा, मौत सड़क से 40 फीट दूर बैठे थे तीनों

## » लखनऊ-इटावा राजमार्ग पर हादसा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

कानपुर। कानपुर के बिल्हौर कोतवाली इलाके के माखनपुरवा गांव में सोमवार दोपहर को लखनऊ-इटावा राजमार्ग के किनारे हुए दर्दनाक हादसे में तीन बुजुर्गों की मौत हो गई। तीनों सड़क से करीब 40 फीट दूर पेड़ के नीचे छांव में बैठकर आम के बाग की रखवाली कर रहे थे। तभी सीतापुर की ओर जा रही क्रेटा कार ने तीनों को कुचल दिया। इसके बाद कार भी एक खेत में जाकर पलट गई।

हादसे में चालक घायल हो गया। कार से बीयर की खाली बोतल मिली है, जिससे चालक के नशे में होने की आशंका जताई जा रही है। कार (यूपी-42 बीसी-9033) सीतापुर में पीडब्ल्यूडी में जेई आलोक कुमार यादव की बताई जा रही है। गाड़ी को ड्राइवर अयोध्या महराजगंज दुर्गापुर रामपुरवा निवासी अजीत कुमार पांडेय चला रहा था। वह आलोक के दोस्त पीडब्ल्यूडी में जेई शैलेंद्र कटियार के बच्चों को छोड़ने कानपुर



देहात के सिकंदरा गया था। वहां से सीतापुर लौटते समय हादसा हो गया। मरने वाले माखनपुरवा गांव के अहिबरन सिंह (65), टीकापुरवा गांव के घसीटे (60) और ग्राम प्रधान जयसिंह यादव के बड़े भाई सुरेंद्र सिंह (60) हैं। ग्राम प्रधान के मुताबिक तीनों सड़क से काफी दूर बैठे थे। तभी कार उन्हें रौंदते हुए खेत में जाकर पलट गई। हादसे में चालक घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है। कार से बीयर की खाली बोतल बरामद हुई है। ऐसे में चालक के नशे में होने के कारण कार के अनियंत्रित होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है।

# चिलचिलाती धूप से अभी राहत नहीं

## » मौसम विभाग ने लू का यलो अलर्ट जारी किया

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। यूपी के लोगों को आने वाले समय में गर्मी और सताएगी। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल लू चलने के आसार हैं। वहीं विशेषज्ञों का कहना है मानसून भी समय से आगे बढ़ गया है। सोमवार को गोरखपुर, झांसी, बस्ती और प्रयागराज लू की चपेट में रहे। झांसी शहर 45.6 डिग्री सेल्सियस पारे में तपा, जबकि प्रयागराज में भी दिन का अधिकतम तापमान 45.1 डिग्री दर्ज किया गया।

मौसम विभाग ने प्रदेश के कई क्षेत्रों में लू चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, गाजीपुर, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, आगरा, जालौन, झांसी, ललितपुर और आसपास के इलाकों के लिए लू चलने का अलर्ट जारी किया है। दूसरी ओर, झांसी और प्रयागराज के अलावा प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में पारा सामान्य से अधिक रहा।



## रात में बढ़ने लगा पारा

वहीं, रात का चढ़ता पारा, राजधानी लखनऊ में दिन को और भी गर्म बना रहा है। झुलसाने वाली इस गर्मी से फिलहाल राहत मिलने के आसार नहीं हैं। सोमवार को दिन का तापमान 41 डिग्री सेल्सियस, तो रात का 29.4 डिग्री दर्ज हुआ। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक तीन कारणों की वजह से स्थिर पारे के बीच भी लोगों को भीषण गर्मी का अहसास हो रहा है। पश्चिमी विक्षोभ की निष्क्रियता और पछुआ हवा की वजह से दिन में गर्मी बढ़ रही है। तीसरा प्रमुख कारण है रात के पारे में बढ़ोतरी होना। न्यूनतम तापमान अधिक होने से दिन की शुरुआत ही गर्म होती है। दिन चढ़ने के साथ ही इसमें बढ़ोतरी होने लगती है।

## मानसून पर चक्रवात बिपरजॉय का असर, कम होगी बारिश

भारतीय मौसम विभाग और स्काइमेट वेदर का कहना है कि भारत के मैदानी इलाकों में इस बार बारिश तरसा सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, जुलाई के पहले हफ्ते तक मैदानी इलाकों में ज्यादा बारिश की संभावना नहीं है। मध्य और उत्तर पश्चिमी भारत में 6 जुलाई तक सूखे जैसे हालात रह सकते हैं। इस दौरान 60 प्रतिशत से भी कम बारिश होने की आशंका है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार, 30 जून से 6 जुलाई के दौरान देश में होने वाली बारिश में 54 प्रतिशत की कमी आएगी। दक्षिण पेनिनसुला क्षेत्र में एक जून से होने वाली बारिश में 53 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। मध्य भारत में 80 प्रतिशत और उत्तर पूर्वी भारत में 53 प्रतिशत कम बारिश होगी। बारिश में कमी की वजह चक्रवाती तूफान बिपरजॉय को माना जा रहा है। बिपरजॉय की वजह से भारत के भीतरी इलाकों में मानसून नहीं पहुंच पाया है। चक्रवाती तूफान के धीमा पड़ने के बाद भी दबाव कम रहेगा, जिससे भी मानसून उत्तर पश्चिम भारत में देरी से पहुंचेगा।


# विश्व कप में भारत का पहला मैच 8 अक्टूबर को

## » ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई में होगा पहला मुकाबला

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

मुंबई। विश्व कप की मेजबानी के लिए जिन 11 शहरों को चुना गया है उनमें दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु, हैदराबाद, तिरुवनंतपुरम, गुवाहाटी, पुणे, लखनऊ और धर्मशाला का नाम शामिल है। भारतीय टीम वनडे विश्व कप में अपने अभियान का आगाज आठ अक्टूबर को आस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई में करेगी जबकि एक सप्ताह बाद 15 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ मैच अहमदाबाद में होगा।

बीसीसीआई के कार्यक्रम के ड्राफ्ट में यह जानकारी दी गई। अंतिम कार्यक्रम की घोषणा अगले सप्ताह की जायेगी। दोनों सेमीफाइनल मुंबई और चेन्नई में होंगे। शुरूआती ड्राफ्ट के अनुसार टूर्नामेंट पांच अक्टूबर को शुरू होगा जिसमें मौजूदा चैम्पियन इंग्लैंड का सामना पिछले उपविजेता न्यूजीलैंड से अहमदाबाद में होगा। फाइनल भी 19 नवंबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर खेला जायेगा।




**15** अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ अहमदाबाद में होगा मैच

## रिंकू सिंह और जितेश को मिलेगा मौका

टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मौका मिलेगा जिसमें रिंकू सिंह और जितेश शर्मा जैसे खिलाड़ियों को जगह मिलना लगभग तय है। टीम में रुतुराज गायकवाड़ की वापसी के साथ जायसवाल को मौका मिल सकता है। आईपीएल में 27 विकेट लेने वाले मोहित शर्मा भी टीम वापसी कर सकते हैं। रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों को इस प्रारूप की राष्ट्रीय टीम से बाहर किया जा चुका है और कार्यभार प्रबंधन के तहत मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज को विश्राम मिलने की संभावना है।

## पुजारा और उमेश का कट सकता है पत्ता

नयी दिल्ली। भारत की विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में लगातार दूसरी हार पर भले ही त्वरित प्रतिक्रिया न हो लेकिन अगले महीने दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज दौरे पर जाने वाली टीम से अनुभवी खिलाड़ी चेतेश्वर पुजारा और उमेश यादव का पत्ता कट सकता है। इन दोनों की जगह टीम में यशस्वी जायसवाल और मुकेश कुमार मजबूत दावेदार होंगे क्योंकि चयन समिति भविष्य के मुश्किल दौरों के लिए खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी को तैयार करना शुरू करना चाहेगी। भारत का वेस्टइंडीज का एक महीने का दौरा होगा। दौरे का आगाज 12 जुलाई से दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से होगा। टीम इसके बाद तीन वनडे और पांच टी20 मैचों की श्रृंखला खेलेगी जिसमें हार्दिक पंड्या की कप्तानी में युवा खिलाड़ियों की टीम मैदान में उतरेगी। इस टीम में आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मौका मिलेगा। डब्ल्यूटीसी फाइनल में लगातार दूसरी शिकस्त के बाद इस बात की काफी संभावना है कि शिव सुंदर दास की अगुवाई वाली चयन समिति और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ अगले डब्ल्यूटीसी चक्र के लिए कुछ विकल्पों पर विचार करेंगे।



# फिर जला मणिपुर, राज्यपाल अनुसुइया के दौरे के बीच हिंसा

» गोलीबारी कर घरों में लगा दी आग
» युवक की हत्या कई लोग घायल
» चुराचंदपुर के एक गांव में हुई घटना

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

गुवाहाटी/ इंफाल। मणिपुर में हिंसा रुकने का नाम नहीं ले रही है। लगातार छठे सप्ताह भी मणिपुर हिंसा की आग में दिख रही है। चुराचंदपुर के एक गांव में 22 वर्षीय एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। यह घटना उस वक्त हुई जब राज्यपाल अनुसुइया उइके सोमवार को जिले में विस्थापितों के लिए राहत शिविरों का दौरा कर रही थीं। इस घटना में दो अन्य लोग उग्रवादियों की हिंसा में घायल हो गए। मिली जानकारी के मुताबिक यह घटना कांगपोकपी और इंफाल ईस्ट के बीच की सीमा के पास की बताई जा रही है।

पुलिस अधिकारी ने कहा कि चुराचांदपुर हमला लोकलकफाई गांव में दोपहर 2 बजे के बाद हुआ। पीड़ित की पहचान ग्राम स्वयंसेवक मुअनसांग नौलक के रूप में हुई है। इस घटना के घंटे भर पहले, करीब 10.45 बजे सशस्त्र हमलावरों ने कांगपोकपी में सैकुल विधानसभा क्षेत्र के खमेनलोक और खोपीबंग क्षेत्रों में धावा बोला था। यहां उग्रवादियों ने नागरिकों के एक समूह पर गोलीबारी की और घरों में आग लगा दी थी। इस हिंसा में खोपीबंग गांव के आसपास के घर जलकर खाक हो गए।



हिंसा की सूचना पर जवानों के पहुंचने तक हत्यारे मौके से फरार हो गए थे। हालांकि यह एक अन्य जिले का हिस्सा है, लेकिन यह क्षेत्र इंफाल पूर्वी पुलिस के अधिकार क्षेत्र में आता है। सूत्रों ने कहा कि जब तक असम राइफल्स और गोरखा राइफल्स के

**सेना ने संभाला मोर्चा**

जवान गांव में पहुंचे, हमलावर घटनास्थल से भाग गए थे। उइके राज्य में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए केंद्र द्वारा गठित शांति समिति की अध्यक्ष हैं। 3 मई से राज्य में जातीय हिंसा में 100 से अधिक लोग मारे गए, जबकि 300 से अधिक घायल हुए हैं। सेना ने इंफाल पूर्वी जिले के लीटनपोकपी में एक पुल की मरम्मत की और उसे फिर से खोल दिया। इस पुल को पिछले महीने उपद्रवियों ने क्षतिग्रस्त कर दिया था। पुल लीटनपोकपी, चंपई और पुखाओ फुरजू को राहत सामग्री के त्वरित परिवहन में सक्षम बनाता है। मणिपुर के 16 में से 11 जिलों में कर्फ्यू लागू है। इंटरनेट सेवाओं का निलंबन भी रद्द नहीं किया गया है।

## मौत की होर्डिंग

फोटो: 4पीएम




होर्डिंग गिरने से मां-बेटी की मौत के बाद भी नगर निगम लखनऊ को कोई फर्क नहीं पड़ा। लखनऊ के हजरतगंज में कॉफी हाउस की यह बिल्डिंग सौ साल से भी पुरानी है और बहुत जर्जर है। पिछले साल इस पुराने भवन का एक हिस्सा गिरा भी था। इस बिल्डिंग पर कई टन की होर्डिंग लगायी जा रही है। बरसात आने वाली है। इतनी भारी होर्डिंग लगाने से अगर बिल्डिंग गिरी तो ना जाने कितने लोगों की जान जायेगी पर अफसरों को अपनी अवैध कमाई से मतलब है, उनको लोगों की जान की परवाह नहीं है।

# जी प्रमुख सुभाष चंद्रा और पुनीत गोयनका पर हेराफेरी का आरोप

» सेबी ने प्रमुख प्रबंधकीय पद पर बने रहने पर लगाई रोक

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। मार्केट रेगुलेटर सेबी ने एक अंतरिम आदेश में एस्सेल ग्रुप के चेयरमैन सुभाष चंद्रा और जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज के सीईओ पुनीत गोयनका पर किसी लिस्टेड कंपनी या उसकी सब्सिडियरी में डायरेक्टर या प्रमुख प्रबंधकीय पद पर रहने पर रोक लगा दी है।

दोनों पर आरोप है कि उन्होंने लिस्टेड कंपनी जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज (जेईईएल) और एस्सेल ग्रुप की दूसरी लिस्टेड कंपनियों से अपने फायदे के लिए



फंड्स की हेराफेरी की है । मार्केट रेगुलेटर ने अपने आदेश में ये भी कहा कि जी एंटरटेनमेंट को ये ऑर्डर 7 दिनों के अंदर अपने बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के सामने रखना चाहिए। इसके साथ ही सेबी ने ये भी जोड़ा है कि अगर सुभाष चंद्रा और पुनीत गोयनका को इस आदेश पर अपना जवाब या आपत्ति दर्ज करानी है तो वो 21 दिनों के अंदर ये दाखिल कर सकते हैं।

# उत्तर भारत के कई हिस्सों में भूकंप के झटके

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**5.2**
**रिक्टर स्केल पर मापी गई तीव्रता**

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर, जम्मू-कश्मीर, पंजाब और चंडीगढ़ में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। दस सेकंड तक भूकंप के झटके महसूस किए गए। इस दौरान लोग घरों से बाहर निकल आए।

रिक्टर स्केल पर भूकंप की 5.2 मापी गई है। इस साल इससे पहले कई बार झटके आ चुके हैं। गौरतलब हो पृथ्वी के अंदर 7 प्लेट्स हैं, जो लगातार घूमती रहती हैं। जहां ये प्लेट्स ज्यादा टकराती हैं, वह जोन फॉल्ट लाइन कहलाता है। बार-बार टकराने से प्लेट्स के कोने मुड़ते हैं। जब ज्यादा दबाव बनता है तो प्लेट्स टूटने लगती हैं। नीचे की ऊर्जा बाहर आने का रास्ता खोजती हैं और डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है।

फोटो: सुमित कुमार




**रोजगार मेला** प्रधानमंत्री ने रोजगार मेले में सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त सदस्यों को लगभग 70,000 नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस मौके पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास और अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री स्मृति ईरानी उपस्थित रहीं।

# बिना भ्रष्टाचार के दीं नौकरियां: पीएम मोदी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को रोजगार मेले के तहत 70,126 नव-नियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए और इस दौरान विपक्षियों पर जमकर बरसे। पीएम मोदी ने कहा कि पिछली सरकारों की पहचान राजनीतिक भ्रष्टाचार और सरकारी धन के दुरुपयोग की बन गयी थी। रोजगार मेले का आयोजन देशभर में 43 जगहों पर हुआ।



केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों के साथ-साथ राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों में भी बड़े पैमाने पर नियुक्तियां की गई हैं। रोजगार मेले में अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव पर नौकरी के बदले जमीन घोटाले को लेकर हमला किया। पीएम मोदी ने कहा, देश में चल रहा यह रोजगार अभियान पारदर्शिता और सुशासन का भी प्रमाण है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक **बबिता चतुर्वेदी** के लिए **4पीएम** आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (यूपी) से मुद्रित एवं प्रकाशित। **प्रधान संपादक**- अर्चना दयाल, **संपादक** - संजय शर्मा, **विधि सलाहकार**: सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, **वित्तीय सलाहकार**: संदीप बंसल, **कार्टूनिस्ट**: हसन जैदी, **दूरभाष**: 0522- 4078371 | **Email**: daily4pm@gmail.com | **website:** www.4pm.co.in | **RNI-UPHIN/2015/62233** डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।